कार्यालय प्रधानाचार्य, बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर।

संख्याः /बीआरजी/एमसी–19/ईसी–1 सूचना दिनांकः 13 फरवरी, 2019

:::प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पी0एम0एस0एस0वाई) फेज– ।।। के अन्तर्गत बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज गोरखपुर में स्थापित सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालयके संचालन हेतु सृजित चिकित्सा शिक्षकों के पदों पर संविदा के आधार पर सेवायोजन हेतु विज्ञप्ति :::

बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर के सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय के संचालन हेतु सृजित आचार्य, सह–आचार्य तथा प्रवक्ता के पदों को संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु आवेदन पत्र एतद्द्वारा आमन्त्रित किये जाते हैं। इन पदों पर चयन वाक–इन–इन्टरव्यू **(Walk-in-Interview)** के माध्यम से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार कार्यदिवस के दिन रहेगा, जबतक रिक्त पद भर न जाय। इच्छुक अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि साक्षात्कार हेतु अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ प्रधानाचार्य कक्ष में समय दोपहर 02:00 बजे उपस्थित हों। पदों की संख्या नीचे तालिका में दर्शायी जा रही है। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वह साक्षात्कार के दिवस को अपने समस्त शैक्षिक/अनुभव प्रमाण पत्रों/शोध पत्रों की (स्व प्रमाणित) छायाप्रतियों का एक सेट बायोडाटा सहित लायेंगे।

क0सं0	विशिष्टता का नाम	आचार्य	सह–आचार्य	सहायक आचार्य	योग
1	न्यूरोलोजी	1	1	0	2
2	कार्डियोलॉजी	1	1	1	3
3	नेफ्रोलॉजी	1	1	0	2
4	न्यूरो सर्जरी	1	1	1	3
5	यूरोलॉजी	1	1	0	2
6	कार्डियोथेरैसिक वैशकुलर सर्जरी	1	1	1	3
7	मेडिकल गैस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी	1	1	1	3
8	सर्जिकल आन्कोलॉजी	1	1	1	3
	कुल योगः–	8	8	6	21

- उक्त पदों पर नियमानुसार आरक्षण लागू होगा।
- संविदा पर नियुक्ति की शर्तें निम्नवत हैं:–

1. शासनादेश संख्याः119/2018/2842/71–2–2018–33/2018 दिनॉक 20 सितम्बर, 2018 में प्राविधानित सेवानिवृत्त आचार्य को संविदा के आधार पर आचार्य (कन्सलटेन्ट) के रूप में पुर्ननियोजित को एकमुश्त रू0 2,20,000 का मासिक पारिश्रमिक **(Remuneration)** प्रदान किया जायेगा। इस सम्बन्ध में निर्धारित शर्ते उक्त शासनादेश दिनॉक 20 सितम्बर, 2018 के अनुसार होंगी।
2. शासनादेश संख्याः4661/71–1–08–जी–63/2008 दिनॉक 15 दिसम्बर, 2008 में प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले आचार्यों का नियत वेतन रू0 90,000/– सह–आचार्यों का नियत वेतन रू0 80,000/–तथा सहायक आचार्य को नियत वेतन रू0 60,000/–एवं प्रवक्ता को नियत वेतन रू0 50,000/– प्रतिमाह है। इस सम्बन्ध में निर्धारित शर्ते उक्त शासनादेश दिनॉक 15 दिसम्बर, 2008 के अनुसार होंगी।
3. उपरोक्त पदों हेतु आवेदक को **Medical Council of India, Minimum Qualification for teachers in Medical Institutions Regulations, 1998** द्वारा निर्धारित शैक्षिक अर्हतायें एवं अनुभव पूर्ण करना आवश्यक है।
4. पदों की संख्या घट या बढ़ सकती हैं।

(गणेश कुमार)
प्रधानाचार्य

संख्या 126 /तद्दिनांक

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्य कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव,उ0प्र0 शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 उ0प्र0 लखनऊ।
2. महानिदेशक,चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,उ0प्र0 लखनऊ।
3. प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर/मेरठ/झॉसी/इलाहाबाद/आगरा/कन्नौज/आजमगढ़/अम्बेडकरनगर/जालौन/सहारनपुर/बॉदा एवं बदायूॅ को इस अनुरोध के साथ कि आप के संज्ञान में यदि काई इच्छुक अभ्यर्थी हो उसे अवगत कराने का कष्ट करे तथा कालेज की नोटिस बोर्ड पर चसपा करे।
4. प्रभारी अधिकारी कालेज, बेबसाइड मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
5. नोटिस बोर्ड।

(गणेश कुमार)
प्रधानाचार्य

महोदय
Scan कराके
e-mail करादें
14-02-19